प्रेस नोट

जनपद सीतापुर

बिछड़े लखनऊ निवासी बालक को फिर मिला परिवार

दिनांकः-03.06.2022

कल दिनांक 02.06.2022 को थाना सिधौली की डायल 112/P.R.V. 1791 जो बिसवां चौराहे ड्यूटी प्वाइंट पर मौजूद थी, जिसे एक 05 वर्षीय अज्ञात बालक बिना परिजन के भटकता हुआ दिखा। त्वरित संज्ञान लेते हुए बालक के पास मौके पर पहुंच कर पीआरवी पुलिसकर्मियों द्वारा उसका नाम/पता जानने का प्रयास किया गया तो वह तत्समय कुछ भी स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा था, जिसे पीआरवी 1791 द्वारा थाने पर लाया गया तथा स्नेहपूर्वक उसके माता-पिता के विषय में पूछा गया तो बालक ने अपना नाम अतीक पुत्र नफीस नि0 महोलिया थाना घुंघटेर जनपद लखनऊ बताया। पुलिस टीम द्वारा बालक के परिवार के विषय में विभिन्न माध्यमों से जानकारी के यथासंभव प्रयास किये गये एवम् बच्चे के परिवार से सम्पर्क कर उनको वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। परिवार द्वारा बताया गया कि बालक के साथ वह लखनऊ से सीतापुर में एक विवाह समारोह में आये थे, जहां से बालक कहीं भटक कर चला गया था। तत्पश्चात बालक को परिवारीजन के सकुशल सुपुर्द किया गया। परिवारीजन बालक से पुनः मिलने पर बेहद प्रसन्न थे एवम् उनके द्वारा पुलिस टीम के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया।

सिधौली पुलिस टीम-

1. निरीक्षक श्री वीरेंद्र कुमार पंकज, थाना सिधौली
2. मुख्य आरक्षी रमेश कुमार, पीआरवी 1791
3. महिला आरक्षी मीना राघव, पीआरवी 1791
4. चालक हो.गा. शत्रोहन सिंह, पीआरवी 1791

महत्वपूर्ण
मोबाइल नम्बर

कोतवाली सिधौली
जनपद–सीतापुर
उत्तर प्रदेश पुलिस
महत्वपूर्ण मोबाइल नम्बर